नीतीश मिश्रा
[illegible] मंत्री
बिहार सरकार

Nitish Mishra
Former Minister
Government of Bihar

पत्रांक - 121/20
दिनांक - 03/07/2020

सेवा में,

प्रधान सचिव,
पथ निर्माण विभाग
बिहार सरकार, पटना

विषयः मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर के बिदेश्वरस्थान एन॰एच॰–57 से रेलवे स्टेशन, लंगरा चौक, राम चौक होते हुए मोहना एन॰एच॰–57 तक जाने वाली पी॰डब्लू॰डी॰ पथ का चौड़ीकरण के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त पथ झंझारपुर के बिदेश्वरस्थान एन॰एच॰–57 से रेलवे स्टेशन, लंगरा चौक, राम चौक होते हुए मोहना एन॰एच॰–57 तक जाती है। इस पथ की लम्बाई 11.70 कि॰मी॰ है, यह पथ झंझारपुर रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, अनुमण्डल कार्यालय, अनुमण्डल पुलिस कार्यालय, अनुमण्डल अस्पताल, बैंक, कोर्ट, कॉलेज, स्कूल, निबंधन कार्यालय एवं मुख्य बजार हाट तक लोगों आने–जाने का एकमात्र मुख्य सड़क है। इस पथ पर अत्यधिक आवागमण होने के कारण बराबर जाम लगा रहता है, जिससे लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। साथ हीं मधेपुर प्रखण्ड, लखनौर प्रखण्ड, झंझारपुर प्रखण्ड एवं अंधराठाढ़ी प्रखण्ड के लोगों को कोर्ट, बैंक, अनुमण्डल कार्यालय, अस्पताल, निबंधन कार्यालय आने–जाने का यही एक मात्र मुख्य सड़क है।

पूर्व में भी मैंने उपरोक्त पी॰डब्लू॰डी॰ पथ का चौड़ीकरण कराने से सम्बन्धित पत्र अपने कार्यालय पत्रांक-- 617/नि॰ दिनांक 13/08/2014 के द्वारा तत्कालीन माननीय मंत्री एव सचिव पथ निर्माण विभाग को लिखा था। पथ निर्माण विभाग द्वारा उपरोक्त पथ को चौड़ीकरण करने से संबंधित कार्रवाई करते हुए कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल मधुबनी ने अपने कार्यालय पत्रांक–978 दिनांक–08/07/2014 के द्वारा वर्ष– 2014–15 का प्रस्तावित वार्षिक कार्य योजना में सम्मिलित करने हेतु अधीक्षण अभियता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, दरभंगा के माध्यम से अभियता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को उपलब्ध करा दिया गया है।

पुनः मैने अपने कार्यालय पत्रांक 96/2017, दिनांक – 01/11/2017 के द्वारा वर्तमान माननीय मंत्री महोदय को भी उपरोक्त सड़क के चौड़ीकरण से संबंधित पत्र लिखा। माननीय मंत्री पथ निर्माण विभाग ने मेरे पत्र के आलोक में अपने कार्यालय गै॰स॰प्रे॰स॰ सं॰– 2426, दिनांक – 03/11/2017 के माध्यम से यथा अनुरोध वर्णित पथ को 2017–18 के कार्य योजना में शामिल कर निर्माण कराने के निदेश के साथ प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग को भेज दिया गया (सुलभ प्रसंग हेतु माननीय मंत्री महोदय के द्वारा दिये गये निदेश से संबंधित पत्र का छायाप्रति संलग्न है)। **ज्ञात हो की झंझारपुर अनुमंडल मुख्यालय के बगल में माननीय मुख्यमंत्री महोदय के द्वारा दिनांक 05 जून 2020 को मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का शिलान्यास भी किया गया है, उस दृष्टिकोण से भी उपरोक्त सड़क का चौड़ीकरण बहुत ही आवश्यक हो गया है।**

अतः आपसे अनुरोध है कि उपर्यूक्त पथ का चौड़ीकरण करवाने हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ।

भवदीय,

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 3.7.2020

वितरण शाखा, पथ निर्माण विभाग

3/7/2020

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial